राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(28)RSMSSB / अर्थना / त.शि.(आईटीआई) / 2015 / पार्ट–II / 307 दिनांक : 24.7.2017

–:: कार्यालय आदेश ::–

राजस्थान तकनीकी प्रशिक्षण अधीनस्थ सेवा नियम, 1975 के अन्तर्गत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, उदयपुर में CETT प्रोजेक्ट हेतु कनिष्ठ अनुदेशक के विभिन्न व्यवसायों हेतु सीधी भर्ती परीक्षा–2016 दिनांक 18.09.2016 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 30.09.2016 को जारी किया गया है। इस परीक्षा में अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जॉच विभाग द्वारा करवाई गई थी। बोर्ड द्वारा पात्र पाये गये अभ्यर्थियों का अंतिम चयन कर अभिशंषा विभाग को दी भिजवाई गई थी। कनिष्ठ अनुदेशक (वेस्टर्न क्लीनरी आर्ट) व्यवसाय में चयनित अभ्यर्थी श्री सौरभ शर्मा ने पदभार ग्रहण करने से मना किये जाने के कारण इनके स्थान पर आरक्षित सूची से वरियता क्रम से श्री अभिनव हाडा रो.नं 600002 का अस्थाई चयन किया गया है। इसी प्रकार कनिष्ठ अनुदेशक (हॉस्पिलिटी ऑपरेशन–फ्रंट ऑफिस) में अस्थाई रूप से चयनित अभ्यर्थी श्रीमति रितुराजसिंह सिसोदिया(सामान्य महिला) रो.नं. 300033 द्वारा सही एवं प्रमाणिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर अपात्र घोषित किया गया है। हॉस्पिलिटी ऑपरेशन–फ्रंट ऑफिस व्यवसाय में उक्त अभ्यर्थी के स्थान पर सामान्य महिला की वरियता क्रम से सुश्री सोनिया पंवार रो.नं 300042 का अस्थाई चयन किया गया। इन अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों की पात्रता की जॉच मूल दस्तावेजों से की जानी है। साथ ही सफल घोषित अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भी लिया जाना है। अतः कनिष्ठ अनुदेशक सीधी भर्ती परीक्षा– 2016 में अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित निम्न अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 31.07.2017 को प्रातः 10.00 बजे प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, W-6, रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवे :–

क्र.स.	पद का नाम	अभ्यर्थियों के रोल नम्बर एवं नाम
1	कनिष्ठ अनुदेशक (हॉस्पिलिटी ऑपरेशन–फ्रंट ऑफिस)	300042 - Soniya Panwar GEN (F)
2.	कनिष्ठ अनुदेशक (वेस्टर्न क्लीनरी आर्ट)	600002- Abhinav Hada GEN (M)

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं कनिष्ठ अनुदेशक के के विभिन्न व्यवसायों हेतु सीधी भर्ती परीक्षा–2016 के लिये दिनांक 26.07.2016 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकांर नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव, जाति, आचरण, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. नन्द सिंह नरूका)
अध्यक्ष